


## करण की पार्टी में स्टारकिड्स का मेला

बॉलिवुड डायरेक्टर करण जौहर की बर्थडे की पार्टी खूब सुर्खियों में छाई हुई है। सोशल मीडिया पर सेलेब्स की तस्वीरें और वीडियो खूब छाई हुई हैं। करण जौहर के बर्थडे बैश में स्टारकिड्स से लेकर साउथ स्टार्स और तमाम दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिला। गौरी खान अपने आंख के तारे आर्यन के साथ नजर आईं तो श्वेता नंदा बच्चन भी बेटी नव्या नवेली को लेकर इस पार्टी में पहुंची। शाहरुख खान इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के चलते बिजी हैं। वह करण जौहर की पार्टी में नजर नहीं आए। लेकिन गौरी खान और बेटे आर्यन खान साथ में नजर आए। सारा अली खान अपने भाई का हाथ पकड़ कर करण जौहर के बर्थडे बैश में नजर आईं। वहीं सारा के पिता सैफ और करीना कपूर भी नजर आईं। जूही चावला करण जौहर की पार्टी में बेटे अर्जुन के साथ नजर आईं। करण जौहर की पार्टी में शनाया कपूर अपनी डेब्यू फिल्म बेधड़क स्टार्स के साथ पोज देती आईं तो दूसरे फ्रेम में शनाया कपूर की मां महीप कपूर भी दिखीं।

## करण जौहर की बर्थडे पार्टी में एक–दूसरे में डूबे कियारा और सिद्धार्थ

डायरेक्टर करण जौहर के 50वें बर्थडे से कई शानदार पल देखने को मिले। करण जौहर ने इस पार्टी में बॉलिवुड से लेकर साउथ को इनविटेशन भेजा। इस पूरी पार्टी में सबसे खास तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को साथ में देखना रहा। दोनों पिछले कुछ समय से ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा में थे। लेकिन करण जौहर की बर्थडे पार्टी में दोनों ने एक बार फिर अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस पार्टी में एक साथ कार में नजर आए। करण जौहर की पार्टी में कियारा आडवाणी आते वक्त जुग जुग जियो स्टार वरुण धवन के साथ नजर आईं। लेकिन पार्टी खत्म होने के बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ कार में जाती दिखीं। इस बैश में पैपराजी के कैमरे से ये कपल बच नहीं पाया। कार में बैठे सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को देख फैंस काफी एक्साइटिड हैं। इतना ही नहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा परिणीति चोपड़ा के साथ भी हंसते मुस्कुराते नजर आए। बता दें पिछले कुछ समय से लगातार खबरें आ रही थीं कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का ब्रेकअप हो गया। फिर खबरें सामने आई कियारा आडवाणी ने भूल भुलैया 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को कॉल किया और स्पेशल इनविटेशन दिया। इस एक कॉल ने दोबारा लवबर्ड्स को एक कर दिया है।

## ऐक्ट्रेस बिदिशा डे मजूमदार ने की आत्महत्या, सूइसाइड नोट भी बरामद



सिनेमा की दुनिया से एक और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। 21 साल की मशहूर बंगाली ऐक्ट्रेस और मॉडल बिदिशा डे मजूमदार ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस को बिदिशा की लाश उनके कोलकाता वाले घर में फंदू से लटकी हुई मिली है। बिदिशा नगरे बाजार स्थित इस अपार्टमेंट में बीते 4 महीने से किराए पर रह रही थीं। साथ में ऐक्ट्रेस के पैरेंट्स भी रहते थे। पुलिस को मौका–ए–वारदात से सूइसाइड नोट भी मिला है। बिदिशा के घर का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा तोड़कर अंदर जाना पड़ा। फ्लैट में बिदिशा की लाश फंदे से लटकी हुई थी। पुलिस ने मौके से बरामद सूइसाइड नोट और ऐक्ट्रेस की लाश को तत्काल अपने कब्जे में ले लिया। शव को आरजी कर अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। बिदिशा के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह अपने बॉयफ्रेंड की वजह से डिप्रेशन में थीं। ऐक्ट्रेस की करीबी दोस्त दीया दास ने दावा किया है कि बिदिशा का बॉयफ्रेंड अनुभव उसे चीट कर रहा था। अनुभव की तीन और गर्लफ्रेंड्स थीं। बिदिशा को जब इस बात की खबर लगी तो दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ। इस बात से वह बहुत परेशान थी और डिप्रेशन में थी।

# राहुल वैद्य के नॉटी बालम सॉन्ग को देख भड़कीं उर्फी जावेद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अपने पहनावे के लिए अकसर ही लोगों के निशाने पर रहने वालीं उर्फी जावेद ने अब सिंगर और बिग बॉस 14 के कंटेस्टेंट राहुल वैद्य पर निशाना साधा है। उर्फी जावेद ने राहुल वैद्य को उनके लेटेस्ट गाने नॉटी बालम के लिए सेक्सिस्ट हिप्पोक्रेट कहा है। कुछ दिन पहले उर्फी जावेद ने अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने नीचे कुछ नहीं पहना था और सिर्फ एक ट्रांसपैरेंट चुन्नी बांधी हुई थी। इस वीडियो के लिए उर्फी जावेद की खूब आलोचना हुई थी। तब राहुल वैद्य ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने उर्फी जावेद या किसी और का नाम लिए बिना फैशन के नाम पर नंगेपन पर कॉमेंट किया था।*



**राहुल वैद्य के इस ट्वीट से मचा था बवाल**


राहुल वैद्य ने ट्वीट किया था, मैंने आज इंस्टाग्राम पर एक फोटो देखा, जो वाइफ ने भेजा था। मेरी बात याद रखना कि आने वाले समय में लोग फैशन या ट्रेंड के नाम पर न्यूड तस्वीरें शेयर करने लगेंगे। इस ट्वीट को सबूत के तौर पर रख लीजिए।

**उर्फी जावेद का राहुल वैद्य पर पलटवार कहा-सेक्सिट हिप्पोक्रेट**

इस ट्वीट में राहुल वैद्य ने उर्फी का नाम कहीं भी नहीं लिया था, लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स का कहना था कि राहुल ने उर्फी जावेद पर निशाना साधा है। अब शायद इसीलिए उर्फी जावेद ने भी पलटवार किया है। अपने नए गाने श्नॉटी बालमश में राहुल वैद्य, नायरा बनर्जी के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। नायरा ने स्विमसूट पहना हुआ है। इसी पर उर्फी ने रिऐक्ट करते हुए राहुल वैद्य के गाने का टीजर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया।

**उर्फी ने लिखा- राहुल वैद्य के लिए इज्जत खत्म**





साथ में उर्फी जावेद ने लिखा, अपने फायदे के लिए एक महिला की बॉडी को सेक्शुअलाइज कर रहे हैं, लेकिन जब वह अपनी मर्जी से खुद को सेक्शुअलाइज करती है, अपनी मर्जी से जो चाहे पहनती और पोस्ट करती है तो लोगों को इससे परेशानी हो जाती है। मैं एक सिंगर के तौर पर राहुल वैद्य को बहुत पसंद करती थी। लेकिन अब सारी इज्जत खत्म हो गई। तुम एक सेक्सिट हिप्पोक्रेट हो।

**श्वेता श्रीवास्तव डिजाइन करती हैं उर्फी के कपड़े**

अब देखना यह होगा कि उर्फी जावेद के इस बयान पर राहुल वैद्य किस तरह रिऐक्ट करेंगे। उर्फी ने बताया था कि उनके कपड़े श्वेता श्रीवास्तव डिजाइन करती हैं। श्वेता ने भी बताया था कि उर्फी के लिए काम करने पर रिश्तेदार और दोस्त भी सवाल उठाते हैं।

# मेकर्स ने जेठालाल नहीं, ये रोल किया था ऑफर



*तारक मेहता का उल्टा चश्मा सिटकॉम में अपनी कॉमेडी से सभी को गुदगुदाने वाले ऐक्टर दिलीप जोशी अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में जगह बनाई। 26 मई को वो अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। एक वक्त था, जब दिलीप ने महज 50 रुपये में अपना करियर शुरू किया था, कई फिल्मों में काम करने के बाद भी सफलता नहीं मिली थी, लेकिन तारक मेहता...शो ने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने जेठालाल का ऐसा किरदार निभाया, जिसके डायलॉग्स तक लोगों की जुबां पर चढ़ चुके हैं। अब वो न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, बल्कि शान–ओ–शौकत से अपनी जिंदगी जी रहे हैं।*

**33 साल पहले शुरू किया करियर**

दिलीप जोशी ने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत 33 साल पहले 1989 में की थी। उन्होंने सलमान खान की हिट मूवी मैंने प्यार किया से फिल्मों में कदम रखा था। उन्होंने श्रामूश् का किरदार निभाया था। इसके बाद वो कई गुजराती ड्रामा में दिखाई दिए। वो ये दुनिया है रंगीनश् और क्या बात है में भी नजर आए, जिसमें उन्होंने साउथ इंडियन का किरदार निभाया।

**एक साल से बेरोजगार थे दिलीप**

इतनी फिल्मों में काम करने के बाद भी दिलीप जोशी को ज्यादा पॉप्युलैरिटी नहीं मिली थी। धीरे–धीरे उन्हें काम मिलना भी बंद हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक समय ऐसा भी आया था, जब वो 1 साल तक बेरोजगार थे। फिर उनकी किस्मत ऐसी पलटी, जिसके गवाह आज हम और आप सभी हैं।

**चंपकलाल का रोल हुआ था ऑफर**

दिलीप जोशी को तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोल ऑफर हुआ। बताया जाता है कि मेकर्स ने उन्हें बाबू जी यानी चंपकलाल का किरदार ऑफर किया था, जोकि इस समय अमित भट्ट निभाते हैं। जब दिलीप ने स्क्रिप्ट पढ़ी तो उन्हें महसूस हुआ कि वो जेठालाल का किरदार अच्छे से निभा पाएंगे। उन्होंने मेकर्स के सामने अपनी राय रखी और उनका ऑडिशन लिया गया। उन्होंने ऑडिशन में ही इतनी अच्छी ऐक्टिंग करी कि उन्हें वो रोल तुरंत ऑफर कर दिया गया। इसके बाद दिलीप ऐसे छाए कि अब उनके नाम से ज्यादा लोग उन्हें श्जेठालालश् के किरदार से ज्यादा जानते हैं।